हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

9

जबलपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

मंडला के युवा खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर

मण्डला। 20वीं नेशनल इंटर-डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट (NIDJAM–2026) हेतु मंडला जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। दिनांकः 22 अक्टूबर 2026, गुरुवार, समयः प्रातः 8:00 बजे से, स्थानः महात्मा गांधी स्टेडियम, मंडला, पात्रता आयु वर्गः अंडर-14 (U-14) अंडर-16 (U-16) इस चयन ट्रायल में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। समस्त पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर महात्मा गांधी स्टेडियम, मंडला में उपस्थित होकर चयन ट्रायल में भाग लें। आयोजकः जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन, मंडला।

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल का विशाल शस्त्र पूजन 20 अक्टूबर को

मण्डला। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मंडला के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को विशाल शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे ज्ञानदीप स्कूल परिसर में आयोजित होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी ने बताया कि संगठन द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन करना और धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था व्यक्त करना है। उन्होंने बताया कि आयोजन में सभी धर्मप्रेमी शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सनातनी जनों से अपने-अपने घरों से पूजन के लिए अस्त्र-शस्त्र लेकर आने की अपील की गई है।

मोंटफोर्ट के अनमोल मिश्रा बने बेस्ट स्कोरर तो भारत ज्योति के निहाल धौलपुरिया को मिला बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड

मोंटफोर्ट ने मुकाबले में भारत ज्योति को दी पटखनी

*** उत्कृष्ट के कुणाल वनवासी बने प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शुक्रवार को स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम में जिला फुटबाल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंडला के संयुक्त तत्वाधान में अंतर शालेय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मध्य प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के मुख्य आतिथ्य व नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला मोंटफोर्ट स्कूल व भारत ज्योति के बीच खेला गया।

खेल शुरू होने के महज 20 सेकंड के अंदर मोंटफोर्ट स्कूल के दिव्यांश उईके ने भारत ज्योति के डिफेंडर्स को चकमा देते हुए शानदार फुटवर्क दिखाकर गेंद को गोल में डाल दिया। इससे पहले की भारत ज्योति के खिलाड़ी कुछ समझ पाते माउंट फोर्ट मोंटफोर्ट खेल के शुरू होते ही एक गोल की निर्णायक बढ़त बनाने में कामयाब हो गई। यह बढ़त अंत तक कायम रही। मैच के दौरान मोंटफोर्ट को और भी कई अच्छे मिले जिसे उसने गवा दिया। भारत ज्योति ने लगातार कई बार मोंटफोर्ट के गोल पर हमला बोला लेकिन उसकी मजबूत रक्षा पंक्ति ने भारत ज्योति के मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया। आखिरकार मोंटफोर्ट ने इस फाइनल मुकाबले को जीत कर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा किया। इस दौरान प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया। एक्सीलेंस स्कूल के कुणाल वनवासी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता की सबसे अनुशासित टीम का किताब ब्रेन चाइल्ड अकैडमी को दिया गया। मोंटफोर्ट स्कूल के दिव्यांश उईके को बेस्ट फील्डर,ब्रेन चाइल्ड अकैडमी के रूद्र धूमकेतु को बेस्ट डिफेंडर, ज्ञानदीप स्कूल के कार्तिक कछवाहा बेस्ट लेफ्ट डिफेंडर, भारत ज्योति के साहिल बैरागी को बेस्ट लेफ्ट आउट, क्रमांक 2 के आशीष पल्लेश्वर को बेस्ट राइट आउट, भारत ज्योति के निहाल धौलपुरिया को बेस्ट गोलकीपर, अमल ज्योति के वेदांत यादव को बेस्ट राइट डिफेंडर, मोंटफोर्ट के अनमोल मिश्रा को बेस्ट स्कोरर, केंद्रीय विद्यालय के शिवम मार्को को बेस्ट स्ट्राइकर और नेहरू शाला महाराजपुर के यशवीर परस्ते को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करने के लिए गंगाराम कुंजाम, प्रथम चौकसे, देवेंद्र सरोते, अभिषेक यादव, अतुल चिचाम, अंकुश मरावी, प्रिंस उईके, लक्ष्य मरावी व नगर पालिका परिषद के गोलू गुप्ता व पुष्पेंद्र पांडे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती सम्पतिया उइके ने विजेता टीम के साथ-साथ उप विजेता टीम को भी शानदार खेल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में उपविजेता होने के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों का व्यक्ति के जीवन में काफी महत्व होता है। खेल के मैदान से जो अनुशासन प्राप्त होता है वह भविष्य में व्यक्ति को एक कामयाब और आदर्श नागरिक बनाता है। उन्होंने मंडला जिले में खेल के विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलवाया। इसके साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी स्टेडियम को व्यवस्थित करने और यहां सिंचाई की सुचारू व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया।

इस दौरान जिला फुटबाल संघ के संरक्षक डॉ. दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, अनूप बासल, चंद्रेश खरे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष राजेश पाठक, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल,सचिव पंकज उसराठे, जिला हॉकी संघ के सचिव सैयद कमर अली, वरिष्ठ खिलाडी पुरषोत्तम उसराठे, बिलाल अहमद खान, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, समीर बाजपाई, सैयद सिकंदर अली, रानू राजपूत, अविनाश जैन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।





राम लीला देखने बड़ी तादाद में पहुंच रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर में चारों तरफ माँ दुर्गे के जयकारे लग रहे है हर पंडाल भक्ति गीत भजन सुहागले आरती महा आरती के साथ साथ प्रति दिन रात तो कोई मनमोहक झाकियां प्रस्तुत कर रहा तो भालू चोला ओड़ हर पंडाल श्रद्धालु के बीच पहुंच रहे हैं जो श्रद्धालुओं को मोहक लग रहे हैं विनोद रंग मंच में चल रही रामलीला में श्रावण कथा भारत मिलाप ने सभी को स्तब्ध कर दिया इसी तर्ज पर कई दशकों से से नगर के विनोद रंग मंच पर संचालित राम लीला प्रतिदिन नए नए दृश्य के साथ चर्चा का विषय बनी हुई है इस वर्ष नव युवक कला करो ने राम लीला मंच पर अपनी एक झलक दिखा दिये है, बाल कलाकारों ने रामलीला का मंचन हुबहू कर दिये।

राम लीला में पांचवे दिन की राम लीला में दिखायी गई लीला, श्रवण कथा, दशरथ मरण, भरत कैकई संवाद, चित्रकूट सभा, अत्रि अनुसुइया संवाद, सुतीक्ष्ण कथा, राम जी की प्रतिज्ञा, पंचवटी आगमन तक दिखायी गयी जिसमें कला करो ने अपनी पूरी ताकत लगा दी श्रवण कथा के रोचक प्रसंग ने जहां दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया वही दशरथ मरण, भरत मिलाप ने श्रोताओं को स्तब्ध कर दिया। वही आज छठवे दिन की राम लीला में जयंत कथा, शूपर्णखा आगमन, खर दूषण त्रिशरा वध, सीता हरण, शवरी कथा तक की लीला के विशेष प्रसंग दिखाए जाएंगे। विनोद रंग मंच में राम लीला रोच क प्रसंग के साथ दर्शकों को स्तब्ध कर दिया है वहीं वेयर हाउस कॉम्प्लेक्स दुर्गोत्सव समिति द्वारा गरबा डांस नृत्य प्रतियोगिता में आपार संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।



सात वर्ष से अधिक जमे छात्रावास अधीक्षकों को बदलने के निर्देश

*** क्या मंडला में वर्षों से पदस्थ अधीक्षकों की होगी समीक्षा?**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों, आश्रम शालाओं और आवासीय विद्यालयों में सात वर्ष से अधिक समय से पदस्थ अधीक्षकों को बदलने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल के 30 सितंबर 2026 के आदेश के बाद मंडला जिले में भी लंबे समय से एक ही संस्था में जमे अधीक्षकों की पदस्थापना अवधि की समीक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

आदेश के अनुसार, संबंधित अधीक्षकों को 5 से 7 अक्टूबर 2026 तक ए-एचआरएमएस पोर्टल पर स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य था। आवेदन में अधिकतम 15 विकल्प दिए जा सकते थे। निर्धारित अवधि में आवेदन नहीं करने पर विभाग नियमानुसार स्थानांतरण की कार्रवाई कर सकता है।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि एक छात्रावास में एक ही अधीक्षक रहेगा तथा किसी अधीक्षक को एक से अधिक संस्थाओं का प्रभार नहीं दिया जाएगा। सात वर्ष की अवधि पूरी कर चुके अधीक्षकों को दूसरी संस्था में भी अधीक्षक का प्रभार नहीं देने के निर्देश हैं। कन्या छात्रावासों में महिला अधीक्षकों की पदस्थापना और छात्रावास परिसर में उनका निवास सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

अब सवाल यह है कि क्या मंडला जिले में भी इन निर्देशों के तहत वर्षों से पदस्थ अधीक्षकों की सूची तैयार कर उनकी पदस्थापना की समीक्षा की जाएगी? छात्रावासों में भोजन, विद्यार्थियों की सुरक्षा, नियमित उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी को लेकर भी प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। विभागीय आदेश का समयबद्ध पालन और नियमित निरीक्षण होने से छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

वैश्य महासम्मेलन का विस्तार पंकज बनें जिला अध्यक्ष तो महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी अंजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वैश्य महासम्मेलन जिला ईकाई मंडला की बैठक शुक्रवार को गोंडी पब्लिक ट्रस्ट में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना जिला इकाई की गतिविधियों को गति देना तथा संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना रहा बैठक में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदेश जैन एवं प्रदेश महामंत्री रामजी अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष अशोक गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन की मजबूती सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा की गई बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया एवं सर्वसहमति से सामाजिक कार्यकर्ता पंकज सोनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पद में श्रीमति अंजना चौरसिया को नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदेश जैन ने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सदस्यों की एकजुटता आपसी समन्वय और समाजहित में किए जाने वाले कार्यों से निर्धारित होती है इसलिए संगठन से जुड़े प्रत्येक सदस्य को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए संगठन की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोडने पर भी बल दिया गया वहीं प्रदेश महामंत्री रामजी अग्रवाल ने कहा कि बैठक का एक प्रमुख विषय मंडला जिला इकाई के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और नए पदाधिकारियों की घोषणा करना रहा। जिला इकाई को अधिक सक्रिय और व्यवस्थित बनाने की बात की गई। बैठक में संगठन के विस्तार और उसकी गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए सदस्यों की नियमित भागीदारी जरूरी है तो संभागीय अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि संगठन की मजबूती केवल पदों और दायित्वों तक सीमित नहीं है बल्कि इसके लिए प्रत्येक सदस्य का सहयोग समर्पण और सहभागिता जरूरी है जब सभी सदस्य सामूहिक भावना के साथ कार्य करेंगे तभी संगठन अपने उद्देश्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा। इस दौरान इन्द्रेश बब्बल खरया, नीरज अग्रवाल, रंजीत कछवाहा, आनंद सोनी मुकेश सोनी, सुधीर कांसकार श्रीमति वर्षा चौरसिया, श्रीमति अनिता गोयल श्रीमति अनिता राय, विजय अग्रवाल, अशोक सोनी, श्रीमति ममता चौरसिया, राजेश अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, धर्मेन्द्र धारया सहित अनेक सदस्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बैठक में संरक्षक पद में विनोद अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मुकेश सोनी, सुधीर कांसकार, अनिता गोयल, ममता चौरसिया को सर्वसहमति से चुना गया है। वहीं आभार प्रदर्शन नीरज अग्रवाल द्वारा किया गया।

जनजातीय कार्य विभाग में बाबुओं की कमी, फाइलों में अटके फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, मण्डला में लिपिकीय अमले की भारी कमी के चलते विभागीय कामकाज प्रभावित होने के साथ महत्वपूर्ण प्रकरण फाइलों में अटके हुए हैं। कार्यालय में स्वीकृत पदों के मुकाबले कर्मचारियों की कमी का असर विभिन्न शाखाओं के कामकाज पर पड़ रहा है। वहीं, स्कूलों और कार्यालयों में नियम विरुद्ध किए गए संलग्नीकरण समाप्त करने के निर्देशों के बावजूद कार्रवाई पूरी नहीं होने से शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्वीकृत पद खाली, कार्यरत कर्मचारियों पर अतिरिक्त भार

विभागीय जानकारी के अनुसार कार्यालय में लेखापाल के कुल 8 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 2 लेखापाल कार्यरत हैं, जबकि 6 पद रिक्त हैं। इसी तरह सहायक ग्रेड-2 के 10 स्वीकृत पदों में से केवल 2 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं और 8 पद खाली पड़े हैं। सहायक ग्रेड-3 के लगभग 10 स्वीकृत पदों में से 9 कर्मचारी कार्यरत हैं तथा 1 पद रिक्त बताया गया है। जानकारी के अनुसार, एक कर्मचारी योजना भवन में संलग्न है।

इस स्थिति में कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में कामकाज का अतिरिक्त भार मौजूदा कर्मचारियों पर है। बताया जाता है कि कई शाखाओं में लिपिकीय कार्यों के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। कार्यालय में करीब 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पदस्थ बताए जाते हैं, जो बड़े सवाल खड़े करता है कि क्या इतने पद कार्यालय में स्वीकृत हैं? और कार्यालय में इनकी पदस्थापना किस आदेश से हुई है,? जिनमें से कुछ को लिपिकीय प्रकृति के कार्य करते देखा जा रहा है। इससे कार्य विभाजन और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

आदेश के महीनों बाद भी संलग्नीकरण पर अंतिम निर्णय नहीं

जिला कलेक्टर द्वारा जिले के स्कूलों और कार्यालयों में नियम विरुद्ध संलग्न कर्मचारियों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों को जारी हुए कई महीने बीतने के बाद भी संबंधित प्रकरणों में अंतिम निर्णय नहीं हो पाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कार्यालय में कर्मचारियों की कमी और मौजूदा अमले पर अतिरिक्त जिम्मेदारियों के कारण फाइलों के निराकरण में देरी हो रही है।

संलग्नीकरण से जुड़े मामलों में निर्धारित शर्तों के तहत कुछ छूट दिए जाने तथा संबंधित कर्मचारियों से अभ्यावेदन लिए जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, इन अभ्यावेदनों पर विचार और प्रकरणों के अंतिम निराकरण की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से संबंधित कर्मचारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं।

जिला अस्पताल में 55 से अधिक नवजात बच्चों की मौत का मामला गंभीर, निष्पक्ष जांच की मांग

सिवनी। जिला अस्पताल में कुपोषण और समय से पहले जन्मे नवजात बच्चों की मृत्यु के गंभीर मामले को लेकर विधायक रजनीश सिंह ठाकुर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय, सिवनी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान जिला अस्पताल में 55 से अधिक बच्चों की मृत्यु के मामले को अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक बताते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और उपचार संबंधी व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए गए।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में समय से पहले जन्मे और गंभीर स्थिति वाले नवजात बच्चों को विशेष उपचार प्रदान किया जाता है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की मृत्यु के मामले की गंभीरता से जांच होना आवश्यक है। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था और अन्य संबंधित पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री नरेश मरावी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री पप्पू खुराना, जिला कांग्रेस महामंत्री शिव सनोडिया सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले मासूम बच्चों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं। कांग्रेस की ओर से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

न्यायालय नजूल अधिकारी मण्डला

रा.प्र.क्र. (अ-20/5)2025-26

इश्तहार

एतद् द्वारा साधारण आम जनता नगर मण्डला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गायत्री परिवार ट्रस्ट मण्डला संस्था द्वारा मण्डला नजूल शीट नं. 17 प्लाट न. 4/1 में से रकवा 1601 वर्गमीटर भूमि को भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु रचनात्मक गतिविधि में समाज कल्याण के लिए कार्यरत प्रयोजनार्थ भूमि हस्तांतरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त भूमि हस्तांतरति/आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28/10/2026 के पूर्व अपत्ति पेश कर सकता है। पेशी की अवधि समाप्त होने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

जारी दिनांक- 16/10/2026

पेशी दिनांक-28/10/2026

नजूल अधिकारी मण्डला

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी



नगर की सेठानी बीजासेन मंदिर के पास स्थापित



नगर के मुख्य मार्ग के पास स्थापित प्रतिमा



नगर के चौकी मुहल्ला में स्थापित प्रतिमा।



नगर के चांवडी रोड पर स्थापित प्रतिमा



नगर की पुरानी स्थापित प्रतिमा।



नगर के यूनियन बैक के पीछे स्थापित प्रतिमा

राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता आदर्श में स्थापित किया कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के लिये बडे ही गौरव के बात है कि लगातार तीसरे वर्ष यहां पर राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। बताया जाता है कि आने वाले 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर के बीच नगर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशों के अनुसार ये क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 अक्टूबर होगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा द्वारा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गाडरवारा में एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी एस. के. मिश्रा प्राचार्य एवं सहायक नोडल अधिकारी व्याख्याता आर. पी. महिलांग को बनाया गया है। कंट्रोल रूम 15 अक्टूबर से निरंतर 24 घंटे (तीन पारियों में) कार्य करेगा। इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों की पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली (सुबह 08:00 से शाम 04:00 बजे) में शिक्षक राहुल कोरी, सचिन लहरिया, नारायण पटेल एवं मनोज वर्मा, द्वितीय पाली (शाम 04:00 से रात 12:00 बजे) में दीपक तिवारी एवं शिवम साहू एवं तृतीय पाली (रात 12:00 से सुबह 08:00 बजे) में देवेंद्र कौरव, देवेंद्र ठाकुर एवं प्रदीप श्रीवास की ड्यूटी लगाई गई है। इस तरह अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले इस राज्य स्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रशासन की टीम पूर्णरूप से जुटी हुई नजर आने से नही चूक रही है।

कामती की ओर जाने वाली सड़क किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण पर नगर पालिका अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर से कामती की ओर जाने वाला मार्ग जहां राज्य स्तरीय होने के चलते इस मार्ग से 24 घंटे छोटे बडे वाहनों की लाईने लगी हुई देखी जाती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग से शहर के शासकीय तथा निजी स्कूलों में अध्ययन करने वाले सैकडो छात्र छात्राओं का आना जाना रहता है। मगर इस मार्ग के दोनों ओर जिस तरह से अतिक्रमण की बाढ़ देखने मिल रही थी उससे निश्चित ही जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित होने से नही चूक रही थी। वही सदा ही खतरा बना रहता था। बताया जाता है कि इस मार्ग के दौरान ओर जहां प्रभावशाली लोगों द्वारा अपनी बडी बड़ी दुकानों से लेकर होटले स्थापित की गई उनके द्वारा शासन की भूमि को अपने कब्जे में लेने से नही चूके है। इस बात की सच्चाई कुछ माह पहले चलाई गई अतिक्रमण विरोधी मुहिम के दौरान उस समय देखने मिली जब क्षेत्र के विपक्ष की भूमिका निभाने वाले एक चमकीले नेता द्वारा खुद ही अपने प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार शासकीय भूमि पर स्थापित करते हुये उसे नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर उस समय प्रशासन का बुलडोजर मात्र प्रवेश द्वार तक ही सीमित रह पाया था। यदि इस स्थल की निष्ठा के साथ नाप तौल की जावे तो अपनी होटल के लिये निर्मित किये गये पक्के मार्ग का हिस्सा शासन की भूमि पर निकलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? वही दूसरी ओर इस मार्ग के दोनों किनारे जिस तरह से अस्थाई सब्जी सहित अन्य प्रकार की दुकाने सजी हुई है उसके चलते आमजन को परेशानियों का सामना करने के साथ साथ बड़ी दुर्घटना के





लिये आमंत्रण देने से नही चूक रहा है। क्योंकि सड़क किनारे लगने वाली इन दुकानों पर जब कोई ग्राहक पहुंचता है तो वह खरीदी करने के दौरान अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़े करते हुये खरीदारी करने से नही चूकते है। इस स्थिति में जहां इस मार्ग पर जाम के हालत बनते हुये देखे जाते है। सबसे भयानक उस समय निर्मित होने से नही चूक पाती है जब नगर के स्कूलों में गांवों से अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं का आना जाना होता है तो उनकी जिन्दगी खतरे से खाली रहने से नही चूक पाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये दिनों दिन गाडरवारा कामती मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बढ़ रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की जा रही थी। आमजन की इस मार्ग को मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा द्वारा गंभीरता से लेते हुये बीते हुये शुक्रवार को अपनी टीम के साथ कार्यवाही करते हुये इन दुकानों को मौके से हटवाते हुये यातायात को सुरक्षित कराया गया है। इस तरह नपा अधिकारी की कार्यवाही को लेकर लोगों में हर्ष देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि जिस तरह सड़को के दोनों ओर धनवालों द्वारा अपने होटल सहित अन्य प्रकार के प्रतिष्ठानों की स्थापना करते हुये शासकीय भूमि तक पक्के मार्गो का निर्माण करते हुये कब्जा जमाया गया है उसे भी शीघ्र हटाने की पहल की जावे।

देवी दरबारों में माँ दुर्गा को चंदेवा चढ़ने के बाद भक्तों में बढ़ी माताराणी के दर्शनों की चाह

शहर में जहां तहां धार्मिक आयोजनो के चलते बिखरे रहे आस्था के रंग..

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। भारतीय संस्कृति मं बैसे तो सभी हिन्दू धर्म उत्साह व उमंग से मनाने की परम्परा रही है। किन्तु शारदेय नवरात्र पर्व ऐसा है जिसे हिन्दू धर्मावलंबी आचार विचारों को संचयित कर माँ दुर्गा की साधना और उपासना में लीन होकर मनाते है। कुछ इसी प्रकार से इन दिनों चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते देखने मिल रहा है, जिसके चलते सुबह से देर रात्रि तक श्रद्वालुओं की माँ दुर्गा के प्रति असीम भक्ति के नजारे दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर नवरात्र की पंचमी वह छटवी के मौके पर देवी दरबारों में जगत जननी माँ दुर्गा को चंदेवा चढ़ने के बाद भक्तों में माताराणी के दर्शन के पूजन की चाह बढ़ती जा रही है। वही देखा जा रहा है कि लोग अपने घरों में देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन करते हुये उन्हें भोजन करा उनका आशीष प्राप्त कर रहे है और शाकाहार, निराहार व्रत रख माताराणी की आराधना कर रहे है। बीते दिवस अनेक घरों में लोगों द्वारा देवी स्वरूपा कन्याओं की पूजन करते हुए आर्शीवाद ग्रहण किया गया। वही सुबह देवी मंदिरों में माताराणी को जल ढ़ारने पहुंचने वाली माताएं, बहिनें रात्रि में देवी मंदिरों में पहुंचकर आटे के दीपक सजा भक्तों को मातृ शक्ति की जय बोलने प्रेरित कर रहे है। गौरतलब है कि चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान शहर के देवी मंदिरों के आलवा जगह जगह सजे हुए माताराणी के प्यारे दरबार जन आकर्षण का केन्द्र बने हुए है, जिनमें प्रतिदिन भजन, कीर्तन, सहित अन्य प्रकार के आयोजनों का सिलसिला चलने के साथ महिलाओं व देवी के पंडाओं को भाव आने लगे है। वही रात्रि में जगह जगह माताराणी की विशेष पूजन, आरती हो रही है और अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर लोग माताराणी को प्रसन्न करने से नही चूक रहे है। नगर के पलोटन गंज देवी मंदिर पर प्रतिदिन शाम के वक्त महिलाओं द्वारा माताराणी के समक्ष दीप जलाने के लिये भीड़ लगते हुये देखी जा रही है। वही बताया जाता है कि नगर में जहां तहां बिराजी माँ अम्बे की मनोहर प्रतिमाओं का दर्शन करने श्रद्वालुओं का महा सैलाब सड़को पर उमड़ने की जिस प्रकार से शुरूआत हुई है। क्योंकि हर साल देखा जाता है कि नवरात्र के दौरान देवी दर्शन करने के लिये पंचमी से भीड़ने की शुरूआत होती है जो छटे व सप्तमी तक इस तरह का हाल बन जाता था कि सड़को पर लोगों की भीड़ समाती नही थी। इसी के चलते कल नवरात्र के छटवी के मौके









पर नगर की सड़को पर देवी दर्शन करने के लिये उमड़ने वाले भक्तों के जन सैलाब के चलते हाल यह बना हुआ था कि मार्गो पर तिल रखने के लिये जगह नही बची हुई थी। वही नवरात्र पर्व की संपूर्ण व्यवस्थाओं को नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान अपनी पैनी नजर रखे हुये है। हर साल देखा जाता था कि नवरात्र पर्व के दौरान पुग्गा गैंस सक्रिय रहते हुये महिला भक्तों को परेशान करने से नही चूकते थें। मगर इस वर्ष नवरात्र पर्व के दौरान टीआई चौहान की टीम इस तरह अशोभानीय हरकते करने वालों पर जिस तरह नजर रखे हुये है उसके चलते मानों पुग्गा गेंग सड़को से गायब नजर आ रही है। वही दूसरी ओर पंचमी के मौके पर रात 8 बजे से शहर के अंदर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाये जाने के चलते देवी दर्शन करने वालो को किसी तरह से कोई परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर नही होना पड़ा। मगर देखा जा रहा है जिस तरह दिन के समय सूरज की तेज तपन व रात के समय मौहल में जिस तरह से ठंडक का अहसास हो रहा है उसके चलते मौसम के अनोखे संगम के बीच शहर में अनेक प्रकार की दुकान लेकर आये हुये दूर दूर गांव के दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे लगाई गई अपनी दुकानों पर देर रात तक भीड़ का आलम देखने मिल रहा है। क्योंकि यह छोटे छोटे दुकानदार निश्चित तौर से नवरात्री पर्व का लम्बे समय से इंतजार करते हुये देखे जाते है। बारिश के दौरान इनके धंधे बंद रहने के बाद नवरात्र पर्व से ही इनकी रोजी रोटी की शुरूआत होती है और इसी उम्मीद के चलते वह दिवाली त्यौहार की खुशिया मनाते है। इस तरह सड़को पर उमड़ने वाली भीड के बीच जहां नगर का महौल धर्ममय होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर छोटे छोटे दुकानदारों की रोजी रोटी भी चलते हुये देखी जा रही है। इस तरह चल रहे नवरात्र के चलते शहर में शारदेय नवरात्र पर्व के दिनों में जहां बाजार में पूजा सामग्री, किराने का सामान व फलों की जोरदार बिक्री हो रही है। वही आज रात को नवरात्रि पर्व की छटवी पर भक्तों ने माँ दुर्गा के विशेष रूप से पूजा, अर्चना कर उनसे शहर व क्षेत्र की खुशहाली का बरदान मागा जावेगा।

गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 16 चिकित्सको की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं में होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा आमजन को बीमारियों से निजात दिलाने के लिये स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से अनेक योजना चलाते हुये भला किया जा रहा है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासकीय चिकित्सालयों में यदि डाक्टर ही मौजूद नही रहेगे तो फिर सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का आमजन को लाभ कैसे मिल पायेगा..? इस तरह नगर सहित क्षेत्र के सालीचौका, चीचली, साईखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्रो में डाक्टरों की कमी को दूर करने के लिये क्षेत्र के लोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों से काफी लम्बे समय से मांग की जा रही थी। इस परेशानी को क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अपनी विधान सभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रो के लिये प्रदेश स्तर पर पहल करते हुये 16 नये डाक्टरों की पदस्थापना कराते हुये क्षेत्र के लोगों के लिये एक बड़ी सौगात प्रदान की गई है। इस तरह गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र को एक साथ



थोक के रूप में 16 चिकित्सकों की नियुक्ति एक बड़ी सौगात से कम साबित नही हो रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संवेदनशील नेतृत्व में दूरस्थ, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधाओं में बेहतरी के लिए व्यापक स्तर पर बांड की शर्त पूर्ती हेतु डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिसके अंतर्गत गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीएचसी सालेचौका में 5 तथा सीएचसी साईखेड़ा में 5 व सीएचसी चीचली में 1 सहित सीएच गाडरवारा में 5 चिकित्सकों की पद स्थापना की गई है। बताया जाता है कि नियुक्त होने वाले इन 16 चिकित्सको में से 12 चिकित्सकों द्वारा ज्वायनिंग ले ली गई है और शेष चार चिकित्सक ही अपने नियुक्ति केन्द्र पर पहुचने की संभावना है। मध्य प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की विशेष पहल पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा तत्संबंध में जारी किए गए विशेष आदेश में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र को थोकबंद 16 चिकित्सकों की सौगात से नवाजा गया है। इन चिकित्सकों की पदस्थापना का मूल उद्देश्य संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुदृढ़ करने से जनता को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

नगर के दाऊ के बगीचे में स्थापित 51 देवी प्रतिमायें बनी आकर्षण का केन्द्र

पंचमी के मौके पर स्कंदमाता रूप का पूजन करते हुये माँगा आर्शीवाद







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

चल रहे शारदेय नवरात्र के दौरान माताराणी की आराधना की धूम बची हुई देखी जा रहा है। शहर से लेकर गांवों में जहां देवी दर्शनों के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर देवी की प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान जिस तरह झांकियों को सजावट दी जा रही है उसके चलते चारो ओर धार्मिक महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। इसी प्रकार से नगर के श्याम टाकीज के पीछे स्थापित 51 प्रतिमाये की स्थापना के चलते पूर्णरूप से माँ जगत जननीमय होते हुये नजर आ रहा है। नगर के दाऊ के बगीचे में स्थापित माताराणी की 51 प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र के लिये आकर्षण केन्द्र बनने से नही चूक पाई हे। इस तरह गुरूवार को लोगों ने पंचमी के मौके पर यहां पहुंचकर माँ स्कंदमात के रूप का पूजन करते हुये आर्शीवाद मांगा गया। भक्तों ने नवरात्र पंचमी के अवसर पर माँ स्कंदमाता के रूप में प्रकट होती है। इस में बताया जाता है कि पंचमी के मौके पर माँ करकमलों में कुमार कार्तिकेय को लिए, सिंह पर आरूढ़, करुणा और शौर्य का संगम बनकर। उनके मुखमंडल पर अद्वितीय शांति है, पर नेत्रों में तप, तेज और शक्ति का आलोक। माँ की गोद में विराजित स्कंद ही युद्ध के देवता हैं, किन्तु माँ का हृदय है, वात्सल्य से परिपूर्ण, मानव मात्र के लिए अनंत करुणा का स्रोत। आराधना में भक्त समर्पित करते हैं। इस दिन माँ को केले का भोग, क्योंकि फल की मधुरता व माँ की ममता का प्रतीक है। सुगंधित पुष्पों से सजा आसन, माँ की गोद का विस्तार बन जाता है, जहाँ शरण लेने वाला निर्भय हो जाता है। आध्यात्मिक रूप में माँ स्कंदमाता ज्ञान और वैराग्य की ज्योति हैं। वे कहती हैं कि सच्चा साधक वही है जो आत्मा की गहराई में उतरकर ममता और करुणा से जगत को आलोकित करे। उनकी उपासना में छिपा है हृदय की शुद्धि का रहस्य, मन के संशयों का विसर्जन और आत्मबल की अनंत प्राप्ति। माँ का भक्त जब माँ स्कंदमाता का ध्यान करते हैं तो वे केवल फल और सुख की याचना नहीं करते, बल्कि ज्ञान की वह सीढ़ी पाते हैं, जो उन्हें ईश्वर के साक्षात्कार तक ले जाती है। उनकी उपासना का फल है, धैर्य, विवेक और अनंत साहस। वह साहस जो विपत्तियों में भी मनुष्य को अडिग बनाए रखता है। वर्तमान समय में जब संसार भय, अशांति और असुरक्षा से घिरा है। माँ स्कंदमाता का व्रत और उनकी उपासना और भी प्रासंगिक हो जाती है। आज आवश्यकता है कि हम उनके वात्सल्य में शरण लें, अपने हृदय को निर्मल करें,और भीतर जागृत करें वह शक्ति जो करुणा के साथ संगठित हो जो साहस को करुणा से जोड़े और विवेक को धर्म से। माँ स्कंदमाता का आशीष भक्तों के लिए ढाल है, उनका स्मरण ही कवच है, उनकी गोद ही शरण है।और उनका व्रत आज के अशांत युग में मनुष्य के भीतर वह संतुलन रचता है जो जीवन को सार्थक बना देता है।

खबर संक्षेप

बेटियां समाज का गौरव, उनका सम्मान ही सच्ची शक्ति पूजा-प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान और धार्मिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति के शाश्वत संदेश 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः के भाव के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को देवी स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया। शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के कर्मचारियों ने छात्राओं के माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया तथा पारंपरिक चुनरी और मुकुट सजाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद श्रद्धा और पवित्रता के वातावरण में छात्राओं को पूरी, हलवा, चना एवं फल का प्रसाद प्रेमपूर्वक परोसा गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने कहा कि बेटियां केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का गौरव हैं। उनका सम्मान करना, उन्हें शिक्षित बनाना और जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और परंपराओं को जीवंत बनाए रखना भी आवश्यक है। बेटियों के प्रति सम्मान, स्नेह और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना ही सच्चे अर्थों में मां दुर्गा की आराधना है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कन्या पूजन एवं भोज के आयोजन में विद्यालय के समस्त शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने छात्राओं को आदरपूर्वक प्रसाद वितरित किया।

पंचमी से अमरकंटक में उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचमी तिथि से भक्त-श्रद्धालुओं के आगमन में तेजी आने लगी है। मां नर्मदा के दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से दूरदराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार और परिजनों के साथ अमरकंटक पहुंच रहे हैं। नवरात्रि पर्व के चलते नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों और नर्मदा तट के घाटों पर श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक गतिविधियों का वातावरण दिखाई देने लगा है। पंचमी तिथि गुरुवार को उपांग ललिता के पावन अवसर से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हुआ। इसके बाद षष्ठी तिथि, मूल नक्षत्र एवं शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में भक्तजन मां नर्मदा के दर्शन और स्नान के लिए पहुंचते रहे। दूरस्थ अंचलों से आने वाले महिला-पुरुष, युवक-युवतियां तथा बच्चे नर्मदा के पवित्र घाटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। स्नान के पश्चात श्रद्धालु मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां नर्मदा के दर्शन-पूजन के साथ नवजात शिशुओं के मुंडन एवं छौर कर्म संस्कार कराने के लिए भी बड़ी संख्या में परिवार अमरकंटक पहुंच रहे हैं। माता-पिता, अभिभावक और परिजन अपने बच्चों का मुंडन संस्कार धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराने के उद्देश्य से मां नर्मदा के उद्गम स्थल पर आ रहे हैं।

निघौरी में जनविश्वास शिविर आयोजित, 63 आवेदन प्राप्त

ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ







डिंडौरी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को विकासखंड अमरपुर की ग्राम पंचायत निघौरी में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने, उनकी समस्याओं का समाधान करने और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार सोलंकी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने प्राथमिक शाला जून्हा टोला निघौरी और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। विद्यालय में उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करने तथा उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। छात्राओं को अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं खुलकर साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और बच्चों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को मिला प्रोत्साहन

शिविर स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर महिलाओं से उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार, स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।विभिन्न विभागों ने भी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। शिविर में प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से शासन-प्रशासन आमजन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहा है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित गतिविधियां 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को साकार कर रही हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से गांवों में शिविर लगाकर सेवाएं और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराना है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें और पात्रतानुसार आवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो।

जनविश्वास शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग के 14, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 24, खाद्य विभाग का एक, शिक्षा विभाग के तीन, विद्युत विभाग के छह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के चार, मत्स्य विभाग के दो, महिला एवं बाल विकास विभाग का एक, सिंचाई विभाग के दो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चार, पशुपालन एवं डेयरी विभाग का एक तथा वन विभाग का एक आवेदन शामिल है।शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग की ओर से 19 कोटवारों को नियुक्ति संबंधी आदेश प्रदान किए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 41 हितग्राहियों को जर्मेक्स दवा वितरित की।शिक्षा विभाग द्वारा चार हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 48 हितग्राहियों को चश्मे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं, आयुष विभाग ने स्वास्थ्य जांच के बाद 48 हितग्राहियों को दवाएं वितरित कीं।

स्वामित्व योजना से जिले के 204 हितग्राही लाभान्वित

जिले में स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के अधिकार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक जिले के 204 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में निघौरी में आयोजित शिविर के दौरान 10 हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री की प्रतियां प्रदान की गईं।इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों द्वारा ई-केवाईसी और फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ना और राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के माध्यम से जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने पर भड़के ग्रामीण, जनपद सीईओ का किया घेराव



शिविर के दौरान पारापानी और तांवरी के ग्रामीणों ने जताई नाराजगी



शहपुरा। जनपद पंचायत मेंहदवानी में आयोजित दिव्यांग शिविर के दौरान ग्राम पंचायत पारापानी की महिलाओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। आक्रोशित ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं और पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत पारापानी सहित उसके आश्रित ग्राम तांवरी में वर्तमान सरपंच के कार्यकाल के दौरान नए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं किए गए हैं। उनका कहना है कि कई पात्र परिवार लंबे समय से पक्के मकान की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका है।इस संबंध में ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर सरपंच, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक पर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अपेक्षित पहल नहीं करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, वे कई बार पंचायत स्तर पर अपनी समस्याएं उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं हुआ।

जांच कर पात्र परिवारों को आवास दिलाने की मांग

ग्रामीणों ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत पारापानी और तांवरी में पात्र हितग्राहियों की स्थिति की जांच कराने तथा नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ मिलने से जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान की सुविधा मिल सकेगी।मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमरपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाकर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के अवसर पर प्रदीप कुमार कहार ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। डॉ. अनिल कुशराम ने अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को मतदाता जन-जागरूकता के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार एवं आसपास के नागरिकों को भी मतदान के लिए जागरूक करें तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर दीपचंद गुप्ता सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वार्ड नंबर 3 में पेयजल संकट, गंदे पानी की निकासी नहीं होने से बढ़ी परेशानी



शहपुरा - नगर परिषद शहपुरा के वार्ड नंबर 3 में पेयजल की अनियमित आपूर्ति और कन्या छात्रावास से निकलने वाले गंदे पानी की उचित निकासी नहीं होने से रहवासी परेशान हैं। जबलपुर रोड स्थित क्षेत्र में सड़क किनारे जमा सीवर के कीचड़युक्त पानी और दुर्गंध से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पेयजल पाइपलाइन के आसपास गंदा पानी जमा होने से दूषित जलापूर्ति की आशंका भी बनी हुई है।वार्डवासियों के अनुसार, जनजातीय कार्य विभाग के सीनियर कन्या अनुसूचित जाति छात्रावास से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके कारण गंदा पानी सड़क किनारे जमा हो रहा है। लोगों का कहना है कि इस समस्या से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।रहवासियों का आरोप है कि पेयजल समस्या को लेकर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है। पूर्व में पाइपलाइन की मरम्मत भी कराई गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। एक ओर नियमित और पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, वहीं दूसरी ओर गंदे पानी की निकासी की समस्या भी बरकरार है।वार्डवासियों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाए तथा छात्रावास से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए स्थायी इंतजाम किए जाएं। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराकर लोगों को सुरक्षित पानी उपलब्ध कराया जाए।वार्ड नंबर 3 के रहवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और गंदगी से राहत दिलाने के लिए संबंधित विभागों की ओर से ठोस कदम उठाना जरूरी है।

अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, गिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



डिंडौरी। जिले में अवैध खनन और खनिजों के अनधिकृत परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम करौंदा रैयत, थाना गाड़ासरई क्षेत्र में अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।कार्रवाई के बाद जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस अभिरक्षा में थाना गाड़ासरई में रखा गया है। जिला प्रशासन ने अवैध खनन और खनिजों के बिना अनुमति परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।प्रशासन द्वारा जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन से जुड़ी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

विद्यार्थियों से विषयवार प्रश्न पूछकर परखा शैक्षणिक स्तर
प्राथमिक शाला में शिक्षण व्यवस्था सुधारने और छात्रावास में बच्चों के लिए बेहतर भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर दिया जोर





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मुंगवानी स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक शाला एवं सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर, अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से पूछे विषयवार प्रश्न

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने शिक्षक की भूमिका में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने जीव विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन शास्त्र से संबंधित प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों के विषयगत ज्ञान और समझ को परखा। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को विज्ञान प्रयोगशाला में ले जाकर प्रायोगिक गतिविधियां कराई जाएं, ताकि वे विषयों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखते हुए प्रयोगों के माध्यम से भी समझ सकें।

बच्चों के शैक्षणिक स्तर की ली जानकारी

प्राथमिक शाला मुंगवानी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बच्चों से संवाद कर उनकी सीखने की क्षमता और शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पहाड़े पूछे तथा विभिन्न आकृतियां दिखाकर उनके बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षण में उपयोग होने वाले खिलौनों एवं शैक्षणिक सामग्री के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को सिखाने के लिए उपलब्ध शैक्षणिक खिलौनों और शिक्षण सामग्री को केवल सुरक्षित रखकर न छोड़ा जाए, बल्कि उनका नियमित उपयोग कराया जाए। खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों से बच्चों की समझ विकसित करने, उनकी जिज्ञासा बढ़ाने और बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

प्राथमिक शाला लिघारी में बच्चों से किया संवाद

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक शाला लिघारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ और ज्ञान का आकलन किया। अधिकारियों ने बच्चों से पहाड़ा और गिनती से संबंधित सवाल पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। बच्चों की जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सवालों के जवाब सुनकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अध्ययन करने और अपनी जिज्ञासाओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

छात्रावास में भोजन व्यवस्था की ली जानकारी

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास मुंगवानी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थी विद्यालय गए हुए थे। उन्होंने बच्चों के स्कूल आने-जाने के समय, नाश्ते और भोजन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रावास में बच्चों को सुबह समय पर नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही विद्यालय जाते समय उनके लिए टिफिन पैक करके दिया जाए, ताकि वे स्कूल में दोपहर का भोजन कर सकें। उन्होंने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भोजन एवं अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत पॉलिसियों का वितरण



ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2026 के बीमित किसानों को फसल बीमा पॉलिसियों का वितरण करने के लिए मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलास्तरीय कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष सीताराम नामदेव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप संचालक कृषि, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, बैंकर्स प्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि तथा किसान उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिले के सभी विकासखंडों में ग्राम पंचायतवार शिविर आयोजित कर बीमित किसानों को उनकी फसल बीमा पॉलिसियां वितरित की जाएं। किसानों को शिविरों की जानकारी देकर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र बीमित किसान पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित न रहे। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि को ग्रामवार शिविरों की कार्ययोजना तैयार करने तथा बीमा पॉलिसियों की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करेंगे। अनुविभागीय कृषि अधिकारियों एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को कार्यक्रम की नियमित निगरानी करने और शिविरों में वितरित पॉलिसियों तथा लाभान्वित किसानों की जानकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

तलापार चैराहे पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। तलापार चैराहे पर दुर्गा उत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। यहां स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। दोपहर और शाम को भजन कीर्तन होते हैं। श्याम की आरती में श्रद्धालु बड़ी संख्या में सामूहिक आरती करते हैं।

मां सिंहवाहिनी की 300 साल पुरानी प्रतिमा, दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शारदीय नवरात्रि पर पुलिस लाइन परिसर स्थित प्राचीन देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां विराजमान मां सिंहवाहिनी की लगभग 300 साल पुरानी प्रतिमा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, लगातार पांच सोमवार तक माता के दर्शन करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार, अंग्रेजों के शासनकाल में स्थापित इस मंदिर का समय-समय पर नागरिकों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया। मंदिर परिसर में मां सिंहवाहिनी के अलावा हनुमान जी, राधा-कृष्ण, मां लक्ष्मी, भगवान शिव-पार्वती और तिरुपति बालाजी के मंदिर भी हैं। यहां नवरात्रि के अलावा वर्षभर श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विवाह में बाधा और संतान प्राप्ति की कामना लेकर आने वाले भक्तों की भी मंदिर में आस्था है। मंदिर के विकास और देखरेख में पूर्व प्रधान पुजारी स्वर्गीय भोगीराम दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने वर्ष 1980 से 2020 तक स्वर्गीय सदाशिव तिवारी के साथ मंदिर की सेवा और व्यवस्था में सहयोग किया। मंदिर के पुजारी आनंद कुमार उपाध्याय ने बताया कि वे वर्ष 2007 से यहां नियमित पूजा-अर्चना और सेवा कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान सुबह से देर शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है।

गौशाला में गो-काष्ठ के दीपक बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने मुंगवानी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश के लिए चारा, उपलब्ध सुविधाओं और गौशाला में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि गौशाला में 170 गौवंश हैं। उन्होंने पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, उचित देखभाल और उनके विचरण के लिए उपलब्ध स्थान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही गौशाला में उपयोग की जा रही मशीनों का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने गोबर से गो-काष्ठ तैयार करने की गतिविधि को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि दीपावली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए गो-काष्ठ से दीपक बनाने का कार्य शुरू किया जाए। इन दीपकों को स्थानीय बाजारों में उपलब्ध कराया जाए, जिससे पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने के साथ गौशाला की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को गौशाला में विकसित पोषण वाटिका के संबंध में भी जानकारी दी गई।

श्री राजयोग आश्रम मंदिर में 46 अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शारदीय नवरात्रि पर श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम में धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। आश्रम स्थित त्रिलोक सुंदरी मां भगवती सिंहवाहिनी देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर में मां का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। आश्रम के कलश भवन में इस वर्ष 41 तेल ज्योति कलश और 5 घृत ज्योति कलश अखंड रूप से प्रज्वलित हैं। श्रद्धालु मां भगवती की आराधना, दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती में शामिल हो रहे हैं। आश्रम व्यवस्थापक ब्रह्मचारी सोमेश्वरानंद महाराज ने बताया कि 16 अक्टूबर को कन्याओं का विशेष पूजन और संतान की कामना करने वाले दंपतियों के लिए विशेष पूजन होगा। 19 अक्टूबर को हवन-पूजन और कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। वहीं, 20 अक्टूबर को जवारे विसर्जन के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन होगा। आश्रम में पं. रामकिशोर शास्त्री, शिवा शास्त्री, सौम्य शास्त्री, हिमांशु शास्त्री, हेमराज पाण्डे, कपिल राजोरिया और प्रकाश महाराज सहित वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पूजन-पाठ और अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। आश्रम परिवार ने श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर मां भगवती के दर्शन करने की अपील की है।

दुर्गा उत्सव समिति ग्राम धुबघट ने रक्तदान शिविर आयोजित

शिविर में 70 युवाओं एवं 20 महिलाओं सहित कुल 90 लोगों ने रक्तदान किया



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नवरात्रि पर्व पर धार्मिक आयोजनों के साथ समाजसेवा और जनजागरूकता की अनूठी मिसाल ग्राम धुबघट में देखने को मिल रही है। यहां उत्सव समिति ई कक्ष दुर्गा मंडल द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों के साथ रचनात्मक एवं सेवाभावी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दुर्गा उत्सव समिति ग्राम धुबघट के तत्वावधान में रक्त जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। शिविर में युवाओं के साथ महिलाओं ने भी आगे आकर रक्तदान के प्रति अपनी जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। आयोजकों के अनुसार, शिविर में करीब 70 युवाओं एवं 20 महिलाओं सहित कुल 90 लोगों ने रक्तदान किया। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों ने जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी अनुज प्रताप सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जनजागरूकता और समाजसेवा से जुड़े कार्यक्रम करना सराहनीय पहल है। आस्था के साथ मानव सेवा का संदेश देने वाले ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों ने जानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली
के.पी. इंस्टीट्यूट करकबेल में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



सूरवारी।

शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 9वीं के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ट्रेड के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण के.पी. इंस्टीट्यूट, करकबेल में आयोजित किया गया। आईसीटी कोऑर्डिनेटर श्री मुकेश साहू के निर्देशानुसार एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.के. चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और एआई की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली, विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग तथा भविष्य में इसकी बढ़ती संभावनाओं से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि आधुनिक तकनीक किस प्रकार शिक्षा, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।इस शैक्षणिक गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने, कंप्यूटर एवं एआई में रुचि विकसित करने और भविष्य में उपलब्ध करियर एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान तकनीकी विषयों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की तथा आधुनिक तकनीक के महत्व को समझा।इस अवसर पर एआई प्रशिक्षक सुश्री दीक्षा गुप्ता, श्री लक्ष्मण सेन, श्री अनिल पटेल एवं सुश्री रक्षा बसेड़िया उपस्थित रहे। सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन से शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।विद्यालय का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

समीपी ग्राम इमझिरा में राज हंस दुर्गोत्सव समिति की विराजमान झांकी



दुर्गा अष्टमी रविवार नवमी सोमवार एवं विजयादशमी का पर्व मंगलवार को रहेगा



तेंदूखेड़ा। शक्ति की अराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र में 9 दिन तक देवी की भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन का क्रम पुरातन काल से चला रहा है। जिसमें महाष्टमी महानिशा दुर्गा नवमी का विशेष महत्व माना जाता है।अनेक लोगों के यहां महाष्टमी महानवमी के दिन कुल परंपरा के अनुसार कुलदेवी का पूजन करने की कुल परंपरा है। हमारे क्षेत्र में प्रचलित वाराणसी से प्रकाशित सूर्य सिध्दांत गणित पंचांगों की गणना के अनुसार दो दिन अष्टमी तिथि है 18 अक्टूबर रविवार को सूर्य उदय पूर्व से लेकर दिन रात अष्टमी तिथि है जो अगले दिन 19 नवंबर को सुबह 7:37 बजे तक है । हमारे क्षेत्रीय विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि निर्णय सिन्धु के अनुसार अष्टमी सूर्योदय काल में प्राप्त होकर उसीअष्टमी में सूर्यास्त हो तो उसी दिन दुर्गा अष्टमी महाष्टमी का पर्व मनाना चाहिए। इसी दिन महानिशा पूजा रहेगी।दुर्गा नवमी पूर्व विद्धा ग्रहण करना चाहिए।इस मत के अनुसार 19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गा नवमी महानवमी का पर्व रहेगा। 20 अक्टूबर मंगलवार को नवमी के बाद दशमी तिथि अपराह्न व्यापिनी होने से इसी दिन विजयदशमी का पर्व दशहरा देवी विसर्जन नीलकण्ठ दर्शन शमी पूजन अपराजिता पूजन रहेगा। अगले दिन दशमी अपराह्न के पूर्व समाप्त हो रही है।

19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गाष्टमी एवं नवमी

दृग गणित पंचांगों के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व में सप्तमी तिथि वृद्धि होकर दो दिन तक है सप्तमी विद्या अष्टमी के निषेध वचन के कारण सोमवार 19 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी एवं दुर्गा नवमी का पर्व पंचांग कारों ने लगाया है।

अपर सचिव आने के पूर्व रंग रोगन और गड्ढे ढांकने में लगे रहे अधिकारी



तेंदूखेड़ा। शुक्रवार को पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की एडीशनल चीफ सेक्रेटरी मयंक अग्रवाल वी बी जी राम जी कमिश्नर तथा छोटे सिंह कमिश्नर पंचायती राज का चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया गया। उनके आने के पूर्व ग्राम पंचायत ढिलवार में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर पर्दा डालने को लेकर पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी बुधवार से ही व्यस्त देखे गए। स्थिति यह थी कि पंचायत में लाखों रुपए खर्च होने के बाबजूद भी हवा के लिए पंखे तक नहीं थे आनन फानन पंखे लगाने के साथ मौआखेडा जाने वाली सड़क पर गड्ढों को भरने के लिए मजदूर व्यस्त देखे गए। गौरतलब विषय क्षेत्र में यह चर्चा में बना रहा कि जिस तरह से जिले एवं प्रदेश के अधिकारी इस तरह से मुआयना कर रहे हैं।यदि जिले के ही अधिकारी पंचायतों में भ्रमण करते रहेंगे तो निश्चित ही विसंगतियों और व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा। और पंचायतों में चल रही तुगलक शाही पर भी विराम लगेगा। कुछ ग्राम पंचायतों में जो सोचनीय विषय सामने आ रहे हैं उन पर भी विराम लग सकेगा।

सांस्कृतिक मंच नगर के हवाले हुआ लोकार्पण



तेंदूखेड़ा। की पुरानी नगर परिषद कार्यालय और रामलीला मैदान का अपना एक अलग पहचान और स्थान रहा है। बढ़ते जनसंख्या के घनत्व सां स्कृ ति क गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर परिषद ने एक वर्ष पूर्व इस स्थान पर एक व्यवस्थित मंच बनाने की घोषणा की गई थी।जो गुरुवार को सांस्कृतिक मंच के रुप में नगर के हवाले किया गया।नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी अशोक राय और नगर परिषद के पार्षद ऐल्डरमेनों की उपस्थिति में विधिवत पूजन अर्चन के साथ लोकार्पण किया गया। चूंकि परिषद अध्यक्ष की सहृदयता से इस सांस्कृतिक मंच को जीवन भर सांस्कृतिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाले स्व रविशंकर राय की पुण्य स्मृति में सौंपने की बात रखी गई।इस मौके पर नव दुर्गोत्सव समिति के राजीव अग्रवाल एवं समीति के उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष विष्णु शर्मा का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सरस्वती पूजन के साथ शुरू हुये इस लोकार्पण समारोह में उपस्थित सभी पार्षदों ऐल्डरमैनों का स्वागत किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डा प्रकाश जैन पार्षद अजय गुप्ता उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष महीष मोदी पार्षद संतोष पटेल श्रीमती सरला अग्रवाल रुपम मनकेडी वाली राजेन्द्र पाली ओमप्रकाश राय गोविंद पाली शालिगराम पांडोरिया ऐल्डरमेंन पुरुषोत्तम पटेल राजू पाली मनीष चौबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।